दिनांकः 27.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा और उनके कामकाज की स्थितियों के संबंध में सिफारिशें करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल की आज पहली बैठक।
- प्रदेशभर में आज नंदोत्सव की धूम–कृष्ण मंदिरों में हो रहे हैं विशेष आयोजन।
- राज्यभर में गोगानवमी पर लोकदेवता गोगाजी की, की जा रही है आराधना–चूरू और हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में भर रहे हैं मेले।
- प्रदेश में कई स्थानों पर कल से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी–जलाशयों में पानी की अच्छी आवक।

...................

चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा और उनके कामकाज की स्थितियों के संबंध में सिफारिशें करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की ओर से गठित राष्ट्रीय कार्यबल की नई दिल्ली में आज पहली बैठक होगी। केन्द्र सरकार के कैबिनेट सचिव बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल की एक महिला रेजीडेंट के साथ दुष्कर्म और हत्याा से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया था। अदालत ने कार्यबल को तीन सप्ताह में अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के अंदर अंतिम रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

...................

केंद्र सरकार ने लोक शिकायतों के समयबद्ध, सुगम और सार्थक तरीके से निवारण के उद्देश्य से व्यापक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि ये दिशा निर्देश आम नागरिकों को सशक्त करेंगे और शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सरल तथा कारगर बनाएंगे। आम नागरिक अपनी शिकायतें पीजी पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। यह पोर्टल शिकायतों के निपटारे के लिए सिंगल विंडो सुविधा के रूप में काम करेगा। निपटाई गई शिकायतों के बारे में जानकारी लोगों को एसएमएस और ईमेल से भेजी जाएगी। पिछले दिशा–निर्देशों के तहत शिकायत निवारण की समयसीमा 30 दिन थी, जिसे अब घटाकर 21 दिन कर दिया गया है।

...................

प्रदेशभर के कृष्ण मंदिरों में आज नंदोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया है। सुबह धूप झांकी खुलने पर ठाकुर जी का वेद मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। शाम को गोविंद देवजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। ये शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से रवाना होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री गोपीनाथ मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़े, बैल का लवाज़मा, कीर्तन मंडल और बैंड शामिल होंगे। शोभायात्रा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। इसके साथ ही चार दीवारी में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। इधर, राज्य सरकार ने शोभायात्रा के मद्देनजर जयपुर में सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में आधे दिन का अवकाश घोषित किया है।

विभिन्न जिलों में भी नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजसमंद के नाथद्वारा में श्रीनाथजी की मनोरम झांकी सजाई गई है तथा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेने पहुंचे हैं। चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ मंदिर में विशेष आयोजन हो रहे हैं। सीकर के खाटूश्यामजी मंदिर में भी दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं।

झालावाड़ के द्वारिकाधीश मंदिर में भगवान के पालने के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

कोटा के वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ के श्री बडे मथुराधीश मंदिर पर नंदोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। बीकानेर के लक्ष्मीनाथ और मरुनायक मंदिर में भगवान की विशेष झांकी

सजाई गई है। करौली के मदनमोहन जी मंदिर में नंदोत्सव की धूम है। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है।

...................

इससे पहले कल रात बारह बजते ही मंदिरों में उल्लास के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्‌घोष के साथ पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में भगवान कृष्ण का अभिषेक 935 किलो पंचामृत से किया गया और उन्हें भोग लगाया गया। घर–घर में भी रात बारह बजते ही कृष्ण प्राकट्‌यो उत्सव मनाया गया।

...................

गोगा नवमी पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लोक देवता गोगाजी की आराधना की जा रही है। चूरू के ददरेवा गांव में विशेष आरती के साथ गोगाजी का मेला शुरू हुआ। मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं हनुमानगढ के गोगामेड़ी में भी गोगाजी का मेला भर रहा है। यहां भी बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने कल गोरख तालाब में पवित्र स्नान किया। इसके बाद गोरख टीला स्थित मंदिर में भगवान के दर्शन किये।

...................

आकाशवाणी जयपुर की ओर से आज जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में स्वाधीनता को समर्पित संगीत उत्सव का आयोजन किया जाएगा। रंगायन सभागार में होने वाला ये कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू होगा। इस संगीत उत्सव में प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ख्यातनाम गायिका सीमा मिश्रा, राजस्थानी गीत तथा गायक रविंद्र उपाध्याय और गौरव जैन सुगम संगीत की प्रस्तुति देंगे। मोमिन खान का सारंगी वादन होगा और युसूफ खान मेवाती, मेवात के प्रसिद्ध लोक वाद्य भपंग वादन की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में लोगों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

...................

प्रदेश में कई स्थानों पर कल से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी है। राजधानी जयपुर में कल से रुक–रुक कर बारिश हो रही है। देर रात कई स्थानों पर मूसलाधार बरसात हुई, जिससे जगह–जगह पानी भर गया। भरतपुर में कहीं–कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात के समाचार हैं। बयाना के खानखेड़ा गांव में बिजली गिरने से कई मवेशियों की मृत्यु हो गई। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में हुई तेज बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। हनुमानगढ में कल रात झमाझम बरसात हुई। जैसलमेर में सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी हुई है। वहां कल शाम कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

डूंगरपुर में पिछले दो दिन से बरसात का सिलसिला जारी है। जिलेभर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात हो रही है। जिले के जल स्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक बनी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बेणेश्वर धाम टापू में बदल गया है।

.................

मौसम विभाग के अनुसार आज अलवर और भरतपुर जिलों में कुछ स्थानों पर रुक रुक कर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जयपुर, दौसा, धौलपुर, करौली, चूरू, सीकर, सवाईमाधोपुर, झुंझुनूं, बाडमेर, श्रीगंगानगर, जालौर और पाली जिलों में बरसात के आसार हैं।